52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.0 °c | अधिकतम 16.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13 सूर्यास्त-5:46 | वर्ष : 52/ अंक : 19 | रविवार, 19 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

जब भगवान आपकी मुट्ठी से कुछ ले लेते हैं, इसका मतलब ये नहीं कि वो आपको सजा दे रहे हैं, वो तो सिर्फ आपके हाथ खोल रहे हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

महाकुंभ के जरिए यूपी की जीडीपी में एक प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान : प्रयागराज

महाकुंभ 2025

कुछ को ये फर्जी लगेगा.... कुछ की तबीयत खराब होगी.....

# चार दिन की ना-नुकुर के बाद मंसूरपुर महापंचायत निरस्त

- देर सायं डीएम कैंप कार्यालय पर ग्रामीणों संग बैठ बनी सहमति
- दस ग्रामीण और चार डिस्टिलरी कर्मचारी हुए थे मुचलका पाबंद
- महापंचायत को लेकर अलर्ट मोड पर था पुलिस-प्रशासन
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री और इंस्पेक्टर हो गए थे आमने-सामने

**मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)।** मंसूरपुर डिस्टलरी-खानुपुर गांव स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की जमीन से जुड़े प्रकरण में बीते चार दिनों से जारी हाई प्रोफाइल मामले में विभिन्न सामाजिक, एवं धार्मिक संगठनों द्वारा महापंचायत का ऐलान शनिवार देर सायं उस वक्त पटाक्षेप हो गया, जब डीएम उमेश मिश्रा की पहल पर ग्रामीणों के साथ हुई समझौता वार्ता के बाद महापंचायत निरस्त कर दी गई। इस मामले में जहां एक ओर ग्रामीणों ने महापंचायत का ऐलान करते हुए मोर्चा खोल दिया था, वहीं उनके समर्थन में जनपद के विभिन्न संगठनों ने महापंचायत में शामिल होने की घोषणा करते हुए प्रशासन की सिरदर्द बढ़ा दिया था। शनिवार देर सायं उक्त मुद्दे को लेकर डीएम कैंप कार्यालय पर हुई समझौता वार्ता के बाद में ग्रामीणों ने महापंचायत निरस्त करने की घोषणा करते हुए मिल बैठकर उक्त समस्या का निस्तारण कर लेने की बात की। मंसूरपुर में होने वाली महापंचायत को ले कर वेस्ट यूपी में हड़कंप मचा हुआ था, जिसमें देर रात्रि वार्ता के बाद दोनों पक्षों के साथ जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र में बीते दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान की ओर से मंसूरपुर में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर हंगामा किए जाने के बाद सुर्खियों में आए प्रकरण में मंसूरपुर इंस्पेक्टर और पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान के बीच में हुई बहस के बाद मामला तब और बढ़ गया था, जब स्थानीय पुलिस प्रशासन ने पूर्व मंत्री की सुरक्षा में कटौती कर दी गई थी। मंसूरपुर डिस्टलरी के पास खानूपुर गांव में लक्ष्मी नारायण मंदिर की जमीन को लेकर जारी विवाद में ग्रामीणों का दावा है कि पिछले कुछ दिन पूर्व डिस्टलरी की ओर से दीवार बनाकर जमीन पर कब्जा कर लिया गया था, जिसे लेकर ग्रामीणों की ओर से विरोध जताया गया, लेकिन तब स्थानीय पुलिस ने काम रूकवाने के लिए इंकार कर दिया और कह दिया कि कोर्ट के आदेशों का पालन कर रहे हैं। पूर्व मंत्री के साथ हुए हंगामे के बाद स्थानीय पुलिस ने ग्राम खानूपुर में मंदिर की जमीन प्रकरण में ग्राम प्रधान राजीव धनगर समेत 10 ग्रामीणों और 4 डिस्टिलरी कर्मियों को इस बीच मुचलका पाबंद किया था। इस मामले में हुई कार्रवाई के बीच ग्रामीणों ने 19 जनवरी को महापंचायत का ऐलान किया था। ग्रामीणों के महापंचायत के इस ऐलान के बाद विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने महापंचायत का समर्थन करते हुए प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी। बीते दिवस इस महापंचायत को लेकर जहां एक ओर शुकतीर्थ में साधु-संतों में दो फाड़ हो गई थी, जिसमें एक पक्ष ने महापंचायत में शामिल न होने का ऐलान किया, वहीं सायं को दूसरे पक्ष ने महापंचायत में शामिल होने का ऐलान करते हुए जिला प्रशासन की चिंता को बढ़ा दिया। इस बीच हिन्द मजदूर किसान समिति के पदाधिकारियों के साथ पाल समाज, त्यागी और ब्राह्मण समाज ने महापंचायत में शामिल होने का ऐलान कर दिया। वहीं विभिन्न हिन्दू संगठनों ने भी इस आंदोलन में कूदने का ऐलान कर दिया था। तमाम कयासों के बीच शनिवार देर सायं मुख्यालय पर डीएम कैंप कार्यालय पर संपन्न समझौता वार्ता में डीएम उमेश मिश्रा की पहल पर संपन्न बैठक में खानूपुर महापंचायत को निरस्त कराने में प्रशासन सफल साबित रहा। समझौता वार्ता में खानूपुर के ग्रामीणों के साथ अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने आरोप लगाया था कि पुलिस डिस्टलरी का पक्ष ले रही है और ग्रामीणों के साथ इस मामले में अन्याय हो रहा है। भाजपा सरकार में पुलिस मंदिर की भूमि पर कब्जा करने में मदद करेगी ये किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, पुलिस को दोनों पक्षों की सुननी चाहिए।

## एसडीएम और विधायक के समक्ष हुआ हंगामा



**बुढ़ाना, 18 जनवरी (बु.)।** जब बुढ़ाना तहसील में आज घरौनी वितरण कार्यक्रम समाप्त हुआ, तो उसके बाद एसडीएम और विधायक के समक्ष एक किसान ने राजस्व निरीक्षक पर खतौनी सही करने के नाम पर खुली रिश्वत लेने का आरोप लगाकर जोरदार हंगामा किया। जानकारी के अनुसार घरौनी वितरण कार्यक्रम में आज एसडीएम राजकुमार भारती, विधायक राजपाल बालियान और पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक सहित अन्य नेता भी मौजूद थे, तब फुगाना गांव के कृषक मुकेश मलिक ने अधिकारियों और विधायक के सामने अपनी और ग्रामीणों की पीड़ा बताई। किसान ने बताया कि तहसील क्षेत्र के 40 प्रतिशत किसानों की खतौनी में हिस्से गलत दर्शाए गए हैं। हिस्सा ठीक करवाने के लिए किसान को कर्मचारियों और अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। राजस्व विभाग की गलती को किसान भुगत रहा है। किसान ने भरी मीटिंग में अधिकारियों, विधायक और पूर्व प्रमुख आदि के सामने बताया कि राजस्व निरीक्षक जमकर वसूली कर रहा है। किसानों का शोषण करता है। इस बात को लेकर आरोपी राजस्व निरीक्षक की किसान के साथ जमकर कहासुनी हुई, जिस पर एसडीएम राजकुमार भारती को भी राजस्व निरीक्षक पर खूब गुस्सा आया और विधायक राजपाल बालियान भी राजस्व निरीक्षक के व्यवहार पर गुस्सा गये। विधायक राजपाल बालियान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक, पूर्व मंत्री योगराज सिंह तथा जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने राजस्व निरीक्षक को जमकर हड़काया, तब स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए उक्त राजस्व निरीक्षक वहां से चला गया, तब एसडीएम ने माहौल संभालते हुए कहा कि रिश्वत लेने की शिकायत उनसे करें। वे किसी भी किसान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# गांवों में अपनी सम्पत्ति का मिला मालिकाना अधिकार

- तहसील सदर में मंत्री ने किया 17,997 घरौनियों का वितरण
- कार्यक्रम में दिलाई स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ

**मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)।** लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज जानसठ रोड में स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर के लगभग 50 हजार गांवों में 58 लाख प्रॉपर्टी कार्ड वितरण और लाभार्थी कार्ड धारकों के साथ संवाद भी किया। इस बीच भौतिक रूप से घरौनी वितरण कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि यूपी के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने उपस्थित रहकर पीएम मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी "स्वामित्व योजना" के अंतर्गत प्रधानमंत्री के संवाद का सीधा प्रसारण देखा। लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज में सदर तहसील की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अनिल कुमार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, डीएम उमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों को 17,997 घरौनियां वितरित की गई। मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि जनपद में शुरू हुई स्वामित्व योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को उनकी भूमि का मालिकाना हक मिल रहा है। ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक से जमीन की मैपिंग करके संपत्ति मालिकों को प्रापर्टी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को आत्मविश्वास मिल रहा है और वे अपनी संपत्ति का उपयोग करके आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महापुरुषों ने जो सपना देखा था, आज वह सपना साकार हो रहा है। इस बीच जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने भी अपने संबोधन में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाया जा रहा है, जो एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार एवं भारत भूषण अरोरा ने किया। अंत में डीएम उमेश मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सीडीओ संदीप भागिया, एडीएम ई. नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम राजस्व गजेंद्र कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।










saaol Since 1995

**हार्ट अटैक रोकें बिना सर्जरी के**

**STOP HEART ATTACK WITHOUT SURGERY**

बिना चीरफाड़, बिना सर्जरी व बिना एंजियोप्लास्टी के हृदय रोग का संपूर्ण सुरक्षित एवं आसान इलाज

विश्वविख्यात नॉनइनवेसिव कार्डियोलोजिस्ट

डा. बिमल छाजेड MBBS MD

सुप्रसिद्ध (हृदय रोग विशेषज्ञ) पूर्व सलाहकार एम्स, नई दिल्ली

चुनें #EECPथेरेपी और हृदय सर्जरी को कहें अलविदा!

यह रोगी अवश्य मिले
- जो रोगी एंजियोप्लास्टी या बायपास से बचना चाहते हैं।
- जिनके हृदय की पम्पिंग शक्ति कम हो गयी हैं।
- जिन्हें एंजियोप्लास्टी या बायपास के बाद भी आराम नहीं हैं।

विशेष पेशकश: परामर्श, खून की जांच, हृदय का चेकअप — ~~2000/-~~ मात्र 500/-

BOOK AN APPOINTMENT :7070704939

PLOT 46, ADARSH COLONY, OPP. S.D. DEGREE COLLEGE, BHOPA ROAD BEHIND BHARAT PETROL PUMP, MUZAFFARNAGAR, 251001



evan multi speciality hospital

**ईवान हॉस्पिटल** (श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)

दिनांक: 18th - 25th जनवरी 2025

सुबह 12 बजे से 7 बजे तक

हमने अपना वादा पूरा किया!

नि:शुल्क

फेफड़ो के डॉक्टर (MD, Pulmo)

~~Fees. 1000/-~~

से परामर्श करे!

हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड और अन्य TPA सेवाएँ उपलब्ध हैं!

24/7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध | 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध | DIALYSIS AVAILABLE

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

90689-95077, 70880-02601, 70786-93040

4 Km. Bhopa Road, Muzaffarnagar (U.P)

evan.mzn@gmail.com | www.evanhealthcare.com | Follow Us On


## जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की प्रोफाइल पिक्चर चुराकर किया ठगी का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)।** जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर की प्रोफाइल पिक्चर के सहारे साइबर क्राइम करने का प्रयास किया गया। शनिवार देर शाम जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा की प्रोफाइल पिक्चर को मोबाइल 94-724532422 के व्हाटसएप द्वारा मैसेज भेजकर गलत उपयोग किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जनपद के मुखिया उमेश मिश्रा के प्रोफाइल पिक्चर को चुराने के मामले में मुजफ्फरनगर में हड़कम्प सा मच गया है। डीएम उमेश मिश्रा ने इसकी जानकारी होने के बाद सभी लोगों से ऐसे साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। साथ ही उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार की कोई भी व्यक्तिगत जानकारी या धनराशि ऐसे लोगों को उनके नाम पर न दी जाये। इस मामले में उनके स्तर पर भी कानूनी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रोफाइल पिक्चर के साथ व्हाटसएप पर कई लोगों को मैसेज भी भेजे गये हैं।




## जिला अस्पताल पर लखनऊ की डांट भी बेअसर

**रोस्टर के हिसाब से नहीं बदली जा रही बैड शीट, कहीं पर क्रीम तो कहीं गुलाबी रंग की मिली**

**मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)।** बार-बार फटकार लगने के बाद भी जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। लगता है चिकना घड़ा बनकर रह गया है जिला अस्पताल। लखनऊ मुख्यालय से बार-बार फटकार मिलने के बावजूद अस्पताल में रोस्टर के मुताबिक बैडशीट नहीं बदली जा रही है। मरीजों के बिस्तरों पर अब भी मनमाने तरीके से चादरें बिछाई जा रही हैं। हाल ही में लखनऊ मुख्यालय की टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, जिसमें ये पाया गया कि रोस्टर के अनुसार बैडशीट नहीं बदली गई है। इस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीएम राकेश कुमार को कॉल कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद सर्जिकल वार्ड की बैडशीट बदलवाई गई। विदित रहे कि जिला अस्पताल में 16 वार्डों में 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें इमरजेंसी, आई वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल वार्ड, पीओपी जनरल और अतिरिक्त वार्ड समेत पैथोलॉजी, गेट और अन्य कार्यालय शामिल हैं। इन सभी कैमरों को लखनऊ मुख्यालय से जोड़ा गया है, जहां से कैमरों की निगरानी की जाती है। मगर इन सबके बावजूद भी जिला अस्पताल अपनी लापरवाही से बाज नहीं आता है।






शेष - पृष्ठ-4 पर



**D S PUBLIC SCHOOL**

(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi, Play to 12th)

(Science, Commerce & Humanities)

**ADMISSION OPEN (2025-26)**

Registration forms are available for admission to classes Play to IX between 09:00 A.M. to 2:00 P.M. on all working days. Admission to Play, Nursery, L.K.G. & U.K.G. classes is on "First Come-First Served" basis

**TEACHERS REQUIRED**

Well qualified, fluent in English, Hard working, Trained, Experienced Candidates from C.B.S.E. schools having knowledge of computer as well as of operating smart class, are required for the following posts-

1. P.G.T. - Physics, Computer Science, Economics, Mathematics, Business Studies, English, Hindi, Biology, Psychology, Fine Arts, Sociology, Physical Education.
2. T.G.T. - English, Hindi, Science, Mathematics, Social Science.
3. P.R.T. - English, Hindi, Science, Social Science.
4. K.G.'s. Teachers 5. Educational Co-ordinator
6. Cultural Activity Incharge 7. Computer Operator

Note- Submit/send your Bio-data with recent passport size photograph to School office or Email at dspublicschool@rediffmail.com latest by 6th February 2025. A written test will be held on Sunday, 09th February 2025 between 10:00 A.M. to 12:45 P.M. An interview will be held for the shortlisted successful candidates.

"Attractive salary for deserving candidates"

Venue:- D S PUBLIC SCHOOL Circular Road, Near Railway Crossing, Muzaffarnagar (U.P.)

Ph. No. 9105200054, 8192895168 | Email:- dspublicschool@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## फर्जी आंकड़े, फर्जी सियासत

अखिलेश यादव ने कुंभ में श्रद्धालुओं के आंकड़े को फर्जी कहा है, राहुल गांधी ने बिहार में जनगणना के आंकड़े को फर्जी कहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन ने केजरीवाल को फर्जीवाल कहा था। आजकल नेता एक दूसरे की सियासत को फर्जी सियासत बता रहे हैं, कमाल की बात यह है कि जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद भी नेताओं के हौसले पस्त नहीं होते और अगर होते भी हैं, तो वे ऐसे पेश आते हैं, जैसे जीत गए हों, जिन नेताओं के बयान, बकवास और निराधार होते हैं और यह साबित भी हो जाता है, वे भी अपनी बकवास पर शर्मिंदा नहीं होते और लगातार अपनी बेजा बयानबाजी से फर्जी सियासत में लगे रहते हैं। जनता उन्हें बार-बार नकारती है, लेकिन उनके करीबी उनकी निराशा को उभरने नहीं देते। फर्जी सियासत जिसे धोखे की राजनीति भी कहा जा सकता है, ऐसा करने वाले नेता खुद को बहुत बड़ा समझते हैं, लेकिन वास्तव में वे कुछ नहीं होते जनता उनका नशा उतार देती है। गृहमन्त्री अमित शाह ने कुछ दिन पूर्व शिर्डी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शरद पवार और उद्धव ठाकरे की राजनीति पर कड़ा कटाक्ष किया था, जिससे शरद पवार तिलमिला गए। अमित शाह ने शरद पवार को धोखे की राजनीति करने वाला बताया था, उन्होंने उद्धव ठाकरे के बारे में भी कहा था कि भाजपा ने उनके जैसे गद्दारों को घर बैठा दिया है। अमित शाह ने कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में शरद पवार द्वारा शुरू की गई अस्थिरता और पीठ में छुरा घोंपने की राजनीति को समाप्त कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐसी राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है, वंशवाद की राजनीति और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को भी नकार दिया गया। उन्होंने कहा कि लोगों ने 2024 के चुनाव में शरद पवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी। उन दोनों को घर भेज दिया और भाजपा के साथ असली शिवसेना और एनसीपी को विजयी बनाया। इससे शरद पवार परेशान हो गए और उन्होंने पलट वार किया। शरद पवार ने कहा कि देश ने कई अच्छे गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी उनके राज्य से बाहर नहीं निकाला गया था। पिछले साल भी जुलाई में अमित शाह ने शरद पवार को 'भ्रष्टाचार का सरगना' कह दिया था। जवाब में पवार ने तब भी शाह पर यही गुजरात से बाहर किए जाने वाला तंज कसा था। दूसरी तरफ अखिलेश यादव भी कुंभ के आंकड़ों को फर्जी बता रहे हैं। अखिलेश यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाकुंभ को लेकर कहा है कि सरकार का हर आंकड़ा फर्जी है। कुछ ट्रेनें खाली जा रही है। सुनने में ये भी आया है कि गोरखपुर वाली ट्रेन खाली गई है। मोटी-मोटी बात ये है कि भाजपा का हर आंकड़ा फर्जी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि महाकुंभ में अब तक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह आंकड़े आधुनिक तकनीक के जरिये जारी हुए हैं। अब अखिलेश यादव को देश की टेक्नोलॉजी पर भी भरोसा नहीं रहा। वे अपने बयान से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचा रहे हैं, जिसे सनातनी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में सपा सरकार में हुए कुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सरकार की अनदेखी की वजह से ही भगदड़ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की जान चली गई थी। इस घटना को आज भी देशवासी और श्रद्धालु भुला नहीं सके हैं। योगी सरकार में शांति और भव्य तरीके से महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। इसकी गूंज देश-दुनिया में सुनाई दे रही है, लेकिन अखिलेश यादव के कानों तक नहीं पहुंच रही। वह सनातनी नहीं बल्कि विशेष समुदाय के अनुयायी हैं, इसलिए उन्हें सारी चीजें फर्जी नजर आ रही हैं। अभी अखिलेश यादव के पास समय है। वह समय रहते संगम में स्नान करके अपने पापों का प्रायश्चित कर लें। महाकुंभ को लेकर अखिलेश यादव की बयान बाजी की आलोचना हो रही है। कहा जा रहा है कि वो कुछ विचलित से दिखाई पड़ रहे हैं, पहले प्रदेश की जनता के बीच अखिलेश यादव ने ऐसी इमेज बनाने की कोशिश की कि वो कुंभ वगैरह को जैसे नहीं मानते हों। फिर कुंभ में आने वाले लोगों का स्वागत करते भी दिखे। इसी बीच सोशल मीडिया के जरिये अखिलेश यादव की गंगा में डुबकी लगाते हुए तस्वीर सामने आई। अखिलेश यादव के करीबियों की तरफ से उनकी हरिद्वार यात्रा को निजी बताये जाने के बावजूद उसमें सियासत झलक रही है। कुंभ मेले में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इस बार मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के नाम से पहली बार कैंप आवंटित कराया है। कुंभ में पहली बार इस संस्था को शिविर मिला है। यज्ञशाला में मुलायम सिंह यादव की मूर्ति भी लगाई गई है, लेकिन अखिलेश यादव शायद मुलायम सिंह की कुंभ मेला क्षेत्र में लगी इस प्रतिमा को लेकर शांत हैं, क्योंकि उन्होंने अब तक न मुलायम सिंह के इस स्टेच्यू के बारे में कुछ नहीं लिखा है और न कुछ बोला है, बस श्रद्धालुओं के आंकड़े को फर्जी बताया है। कल पटना में कांग्रेस के संविधान सुरक्षा सम्मेलन में राहुल गांधी मोदी सरकार, आरएसएस और बिहार में हुई जाति जनगणना पर जमकर बरसे। राहुल गांधी ने कहा कि देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जाति जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जाति जनगणना की तरह नहीं होगी। जाति जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए। कांग्रेस जाति जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50 प्रतिशत आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने राहुल की बिहार यात्रा पर तंज कसा है कि राहुल गांधी को बिहार आने से कोई फायदा नहीं होगा, जब राहुल गांधी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे, तो कांग्रेस नेताओं को उम्मीद थी कि कांग्रेस बिहार में अपने पैरों पर खड़ी होगी, क्योंकि बिहार में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। जेडीयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि राहुल गांधी संविधान सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने नहीं, बल्कि कांग्रेस सुरक्षा के लिए बिहार आ रहे हैं, क्योंकि बिहार में कांग्रेस पार्टी का जनाधार लंबे समय से गायब है। इसलिए राहुल गांधी चाहते होंगे कि कांग्रेस जिंदा हो, इसलिए वह बिहार आ रहे हैं।

### चार मोती

सुनील उत्सव

'शोहरत' 'दौलत' 'दुनिया' 'दिल'

कोई शोहरत की धुन में है, कोई दौलत की धुन में है,
नशे में जीने वालों की अलग ही एक दुनिया है।
न संतों को वो समझेंगे, न वचनों को वो मानेंगे,
यहाँ पर दिल के कालों की अलग ही एक दुनिया है।



## विधायक ने लाभार्थियों को वितरित की घरौनी

जानसठ, 18 जनवरी (बु.)। तहसील में स्वामित्व योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का भी एलईडी के माध्यम से प्रसारण दिखाया गया। शनिवार को तहसील परिसर में घरौनी वितरण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, जिसमें विधायक मिथलेश पाल ने लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया। कार्यक्रम में एसडीएम सुबोध कुमार ने घरौनी के बारे में लाभार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विधायक मिथलेश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामित्व योजना की एक अच्छी शुरुआत की। इस योजना से ग्रामीणों को उनके मकानों के कानूनी प्रमाण पत्र मिले हैं। इससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने किया। कार्यक्रम में तहसीलदार सतीश चंद बघेल, नायब तहसीलदार अजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र चौधरी, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोरना संजय कोरी, शुक्रताल मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, संभलहेड़ा मंडल अध्यक्ष अनुराग चौधरी, भोकरहेड़ी के पूर्व चेयरमैन राजेश चौधरी, ग्राम प्रधान रोशनलाल सैनी, प्रधान सुभानी आदि मौजूद रहे।

## 150 लोगों को विधायक व पूर्व प्रमुख ने बांटी घरौनियां



बुढ़ाना, 18 जनवरी (बु.)। शनिवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री स्वामित्व प्रमाण-पत्र योजना के तहत क्षेत्र के 150 लोगों को रालोद विधायक राजपाल बालियान, पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, बैंकों के सभापति रामनाथ ठाकुर, एसडीएम राजकुमार भारती ने संयुक्त रूप से घरौनी-पत्र का वितरण किया। मुख्य अतिथि विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि घरौनी द्वारा ग्रामीणों को उनके आवास का अधिकार-पत्र मिल रहा है। इससे गांवों में बने आवास संबंधित विवादों को निपटारे में सहायता मिलेगी। आबादी के मामले में बढ़ रहे विवाद को खत्म करने की यह शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में पीएम स्वामित्व प्रमाण-पत्र एक प्रमुख योजना है। एसडीएम ने बताया कि शेष लोगों को हल्का लेखपाल गांव में जाकर वितरण करेंगे। ग्रामीणों की घरौनी तैयार है। पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक ने कहा अभियान के तहत सब ग्राम पंचायतों में स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। इस बीच मौजूद लोगों को प्रधानमंत्री का सीधा संवाद भी सुनाया गया। यहां पत्रकार नसीम कुरैशी समेत 10 पत्रकारों को साफ सुथरी पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। यहां सिसौली के नायब तहसीलदार रोहित तोमर, नायब तहसीलदार अमन सिंह, बीडीओ सतीश कुमार, युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, मुकेश भार्गव सूबेदार, मोमीन हसन, नूर मंसूरी एडवोकेट मौजूद थे।

## चोरी की ट्रॉली के साथ चोर को दबोचा

बुढ़ाना, 18 जनवरी (बु.)। पुलिस ने चोरी की ट्रॉली के साथ एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर और चाकू भी बरामद किया है। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है और ट्रॉली मालिक को भी ट्रॉली मिलने की सूचना दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 06 जनवरी को राजीव पुत्र ईश्वर निवासी ग्राम शाहडब्बर ने बुढ़ाना पुलिस को एक ट्रॉली चोरी होने की तहरीर दी थी, तब बुढ़ाना पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र ने ट्रोली चोरी का मामला दर्ज करते हुए तुरंत एक टीम गठित की थी, जिसमें उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने दारोगा आशीष चौधरी, हैड कांस्टेबल निर्देश भारद्वाज और कांस्टेबल आकाश की मदद से घटना का खुलासा करते हुए एक खास मुखबिर की सटीक सूचना पर मंदवाडा वाया बुढ़ाना तिराहे से एक युवक को चोरी की ट्रॉली और एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम आदेश पंडित पुत्र लक्ष्मीचन्द निवासी ग्राम भाज्जू थाना बाबरी जनपद शामली है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर की भी बरामदगी की है।

## गौरक्षकों ने मृत बछड़े को रोड पर लाकर किया प्रदर्शन

### - नायब तहसीलदार और बीडीओ मौके पर पहुंचे





बुढ़ाना, 18 जनवरी (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव परासौली में स्थित माधव गौशाला में एक बछड़ा ठंड की चपेट में आकर दम तोड़ गया। सिस्टम की ढिलाई से गुस्साए गौरक्षकों ने रोड पर मृत बछड़े को रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे बीडीओ सतीश कुमार और नायब तहसीलदार अमन सिंह ने आक्रोशित गौरक्षकों को समझा बुझाकर शांत किया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र की परासौली की माधव गौशाला में शनिवार के दिन एक बछड़ा ठंड के चलते मर गया, तब सिस्टम की ढिलाई के चलते गौरक्षक छोटा सैनी ने संबंधित अधिकारियों को फोन पर इसकी सूचना दी। आरोप है कि ग्राम सचिव ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। आक्रोशित दर्जनों कार्यकर्ता बछड़े के शव को लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली में रखकर बुढ़ाना डाक बंगले के सामने ले आए और एक साइड में वाहन को खड़ा करके प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान जाम लग गया, तो जाम की सूचना पर नायब तहसीलदार अमन सिंह, बीडीओ सतीश कुमार और पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. शिव कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशित गौरक्षकों को समझा बुझाकर शांत किया। गौरक्षक मृत बछड़े के शव का पोस्टमार्टम करवाने और गौशाला में खड़ंजा लगवाने की मांग कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक बछड़े के शव को अधिकारी गौशाला में ले गये थे, लेकिन गौरक्षकों ने मांग पूरी ना होने पर बछड़े के शव को जमीन में नहीं दबवाया था। छोटा गौशाला की दुर्दशा देख बहुत दुखी हैं। गौरक्षक ने गौशाला के मामले में स्थानीय सरकारी सिस्टम की निंदा की है।

## 20 मिनट लेट होती तो मेरी और बहन की हत्या हो जाती : शेख हसीना



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसी)। बांग्लादेश में हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी बीच, पूर्व पीएम शेख हसीना ने एक बड़ा दावा किया है। एक इमोशनल वीडियो में शेख हसीना ने कहा कि पिछले साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच ढाका से भागने से कुछ क्षण पहले उनकी और उनकी बहन की हत्या की कोशिश की गई थी। अपनी अवामी लीग पार्टी द्वारा फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक इमोशनल वीडियो में हसीना ने कहा कि यह केवल ऊपर वाले की कृपा थी कि वह अपने राजनीतिक करियर में कई हत्या के प्रयासों से बच गईं। बांग्लादेश से भागने के बाद से भारत में रह रही हसीना ने कहा, मैं और मेरी बहन शेख रेहाना जीवित रहने में कामयाब रहे। अगर हम 20-25 मिनट लेट हो जाते, तो हमारी हत्या कर दी जाती। हाल ही में खबर आई थी कि भारत सरकार ने शेख हसीना की वीजा अवधि बढ़ा दी है, जिसके बाद से भारत में उनके प्रवास को लेकर फिलहाल किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। बांग्लादेश से भागकर शेख हसीना भारत के हिंडन एयरबेस पहुंची थीं, जहां से कथित तौर पर उन्हें दिल्ली में किसी सेफहाउस में रिलोकेट कर दिया गया है। उधर, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर 23 दिसंबर भारत सरकार से अनुरोध किया था। यूनुस कई बार शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर चुके हैं। शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश में कई आपराधिक मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं और अंतर्राष्ट्रीय अदालत में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मालूम हो कि बांग्लादेश में इसी साल जनवरी में आम चुनाव हुए थे। इन चुनाव में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग ने बड़ी जीत हासिल की थी। आवामी लीग ने संसद की 300 में से 224 सीटें जीती थीं। शेख हसीना साल 2009 से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं। वो सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वालीं पहली महिला थीं।

## भोपा में बांटे गए जरुरतमंद लोगों को कंबल



भोपा, 18 जनवरी (बु.)। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ठंड को देखते हुए जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए तथा वक्ताओं ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि शासन के निर्देश पर राजस्व विभाग के माध्यम से तहसील क्षेत्र में गरीबों को भीषण ठंड से बचाने के लिए लगातार कंबल वितरण किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लेखपालों के माध्यम से गरीबों को चिन्हित कर उन्हें कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही कस्बों में रैन बसेरे भी बनाए गए हैं। जगह-जगह अलाव भी जलवाए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के हित में तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चलाने के साथ उन्हें ठंड से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर कंबल वितरण कराने का अभियान चला रही है, जिससे गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के साधन संपन्न लोगों के साथ समाजसेवी संगठनों को भी गरीबों को ठंड से बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। इस मौके पर नायब तहसीलदार ब्रिजेश कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात तोमर , लेखपाल अंकित कुमार, ग्राम विकास अधिकारी राज कुमार, प्रधान प्रतिनिधि तरुण धीमान, भाजपा भोपा मंडल अध्यक्ष संजय कोरी, कुणाल वालिया, अर्जुन, शुभम सैनी, आदि प्रमुख लोगों के साथ भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## दबंग के विरुद्ध महिलाओं ने किया प्रदर्शन

बुढ़ाना, 18 जनवरी (बु.)। आने-जाने वाले एक रास्ते पर दबंगों का अवैध कब्जा करने की शिकायत महिलाओं ने आज शनिवार को बुढ़ाना एसडीएम से कर प्रदर्शन किया और कार्यवाही की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार मदीना पत्नी तासीम और शाजिया पत्नी आस मौहम्मद ने 2 बैनामे 153 वर्ग गज व 128 वर्ग गज के कमरुदीन से खरीदे थे तथा इनके दक्षिण में विक्रेता ने 10 फीट चौडा रास्ता दिया था, जो बैनामे में भी लिखा हुआ है, जो बदस्तूर तभी से लगभग 4 साल से चला आ रहा है तथा सबकी नींव भी भरी हुई है व रास्ते पर पुलिया भी बनी हुई है। अब शहजाद उक्त रास्ते को रोकता है तथा उसके साथ गाली गलौच मारपीट करता है तथा उसको घर से भगाने की धमकी देता है, जबकि उक्त रास्ते को भी बंद करने की धमकी देता है, जबकि उक्त रास्ते के सम्बन्ध में परसों भी झगड़ा किया गया, जिस पर उसने 112 पर फोन किया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उक्त शहजाद अपने साथ बाहरी लड़के को भी लाकर धमकी देता है। महिलाओं ने तहसील में इसको लेकर प्रदर्शन भी किया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। उधर एसडीएम राजकुमार भारती ने महिलाओं को आरोपी के विरुद्ध जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## बार संघ जानसठ के चुनाव को लेकर जोड़-तोड़ शुरू

जानसठ, 18 जनवरी (बु.)। बार संघ जानसठ के चुनाव का कार्यक्रम घोषित होते ही संभावित प्रत्याशियों ने मतदाता अधिवक्ताओं से गठजोड़ करना शुरू कर दिया है। पहले दिन नामांकन-पत्र की खरीद नहीं हुई। तहसील बार संघ का चुनाव 24 जनवरी को होना है।

शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए संभावित प्रत्याशी प्रदीप गर्ग, प्रद्युम्न भेटवाल, योगेश भेटवाल, शशि कुमार सैनी और सचिव पद के संभावित प्रत्याशी प्रमोद कामरेड, योगेश गुर्जर ने मतदाता अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर गठजोड़ करना शुरू किया। शनिवार को संभावित प्रत्याशियों ने कचहरी परिसर में अपने-अपने गुट से संबंधित अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनसे समर्थन मांगा।

## गोलीकांड का आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेजा

जानसठ, 18 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव खेड़ा चौंगावा में दूध के पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में चार को गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने इस घटना में नामजद आरोपित को जेल भेज दिया है। क्षेत्र के गांव खेड़ा चौंगावा में मोहित पुत्र सोमपाल के दूध के पैसे मनोहर पुत्र ईशम सिंह पर थे। पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद के चलते दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी देखते ही देखते विवाद में बदल गई, जिसमें मनोहर के भानजे रिंकू पुत्र रतन सिंह निवासी गांव टिटोड़ा, जोकि गांव में ही रहता है ने गोली चला दी। गोली लगने से गांव निवासी 12 वर्षीय देवा, महिला प्रमिला, अशोक व वरुण घायल हो गए थे। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि गोली कांड के आरोपित मनोज कुमार उर्फ मनोहर पुत्र ईशम सिंह निवासी गांव खेड़ा चौंगावा को पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के खतौली तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जल्द ही बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किशोरी को मारपीट कर किया घायल



बुढ़ाना, 18 जनवरी (बु.)। मामूली सी बात पर एक किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला मंडी दक्षिणी बड़कता रोड बुढ़ाना निवासी एक किशोरी ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि बीती 16 जनवरी की रात्रि करीब बजे का मामला है। उसकी मां भट्टे पर से अपने घर पर आयी थी, तो पड़ोसी जाहिद पुत्र नफीस और उसकी पत्नी नूरसबा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। इसके बाद बीते कल की सुबह जाहिद उसके घर पर आया और उसको अपने घर बहकाकर ले गया और कहने लगा कि मुझे तुमसे कुछ बात करनी है। जैसे ही वह उसके घर में पहुँची, तो जाहिद और उसकी पत्नी ने उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट करनी शुरू कर दी तथा उसको लात-घूंसे और मुक्कों से बहुत मारा-पीटा। जाहिद ने उसको जान से मारने की नीयत से उसके गले मे शाल डालकर उसको जान से मारने की पूरी कोशिश की, तब शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के बहुत से लोग मौके पर आ गये, जिन्होने उसकी जान बचायी। उसने पुलिस को कॉल की तो पुलिस ने मौके पर आकर घटना की जानकारी ली। पीड़िता ने पति-पत्नी के विरूद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## यूपी बोर्ड की बड़ी खबरें : नकल करते पकड़े गए तो नहीं जांची जाएंगी कापियां

लखनऊ, 18 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 की शुरूआत 24 फरवरी से हो रही है और इस बार यूपी बोर्ड ने परीक्षा की प्रक्रिया में कई अहम बदलाव किए हैं। खासकर नकल को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत अब नकल करने पर परीक्षार्थियों को केवल नकल की कॉपी निरस्त नहीं की जाएगी, बल्कि नकल करवाने वाले व्यक्तियों पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना या जेल की सजा भी हो सकती है।

यह कदम यूपी बोर्ड की परीक्षा में नकल रोकने के लिए उठाया गया है और इससे संबंधित सभी पहलुओं का खुलासा बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने किया है। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने कहा- कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अवांछित तत्व भ्रामक सूचनाएं प्रसारित कर रहे हैं कि उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत अनुचित साधन का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थियों को आर्थिक जुमार्ना तथा कारावास की सजा दी जाएगी। संशोधित नियमावली में यह प्रावधान है कि जुर्माना या दंड उन परीक्षार्थियों पर लागू नहीं होंगे, जो शैक्षणिक, तकनीकी, व्यवसायिक या अन्य योग्यता प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। हालांकि परीक्षार्थी परीक्षा में किसी पेपर का उत्तर देने में अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए या लिप्त पाए जाते हैं, तो ऐसी परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पटना में ऑक्सीजन सिलेंडर में भीषण धमाका.. एक व्यक्ति के उड़े चीथड़े मौत



पटना, 18 जनवरी (एजेंसी)। बिहार के पटना सिटी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां अगमकुआ इलाके में नर्सिंग होम के पास ऑक्सीजन सिलेंडर में जोरदार ब्लास्ट हो गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक अन्य घायल हो गया है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना नर्सिंग होम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान प्रमोद के रूप में हुई है। सिलेंडर में हुआ ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि नर्सिंग होम के शीशे और आसपास खड़े वाहनों के शीशे चकनाचूर हो गए। घटना के बाद कुछ लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लेकर मौके से सबूत जुटाए हैं। इस बात की जांच की जा रही है कि आखिर सिलेंडर में ब्लास्ट किस वजह से हुआ। वहीं इस दर्दनाक घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि घटना के बाद हम लोगों को कुछ समझ नहीं आया कि क्या हुआ है। सिर्फ धुआं-धुआं दिख रहा था। नर्सिंग होम के शीशे टूटने की आवाज सुनाई दी थी। इसके कुछ देर बाद जब धुआं कम हुआ तो देखा कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है। विस्फोट इतना भयानक था कि उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए थे। वहीं दूसरे व्यक्ति का पैर उड़ गया था। अगमकुआं के थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक घायल है, जिसे इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हम लोग इस घटना की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

## पाकिस्तान से आए 45 लोगों को मिली भारत की नागरिकता



जयपुर, 18 जनवरी (एजेंसी)। शहर के जेएनवीयू सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 45 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता एवं 29 को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। नागरिकता पाने वाले सभी लोगों के चेहरे पर खुशी का ज्वार उमड़ता रहा और आंखों में प्रसन्नता के आंसू छलकते रहे। इस अवसर पर महापौर (दक्षिण) वनिता सेठ ने भारतीय नागरिकता पाने वाले सभी पाक विस्थापितों को बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इन नागरिकों को विश्वास दिलाया कि नगर निगम उनके बेहतर भविष्य के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने प्रदेश में पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की दिशा में किए जा रहे सार्थक प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य सरकार सभी पाक विस्थापितों के अधिकारों और हितों के प्रति पूर्ण सजग है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन का सदैव यही प्रयास रहता है कि प्राप्त प्रकरणों को नियमानुसार शीघ्र निस्तारित कर हर संभव सुविधा मुहैया कराई जाए। इसके लिए सरकार हमेशा प्रतिबद्ध रही है। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा कि यह 45 नागरिकों के साथ-साथ 45 संघर्ष की कहानियां भी हैं जिनमें प्रत्येक कहानी अपने आप में प्रेरणादायक है। उन्होंने संविधान प्रदत्त अधिकारों का बोध कराते हुए कहा कि अधिकारों के साथ अपने कर्त्तव्यों को भी पूरी जिम्मेदारी से निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहें। कार्यक्रम में शिक्षा और व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने सभी पाक विस्तापित नागरिकों से उनकी समस्याएं पूछी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। नागरिकों ने काम-धंधों में आ रही कठिनाइयों को प्रशासन के समक्ष रखा, जिसे गंभीरता से सुना गया और उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। नागरिकता प्राप्त करने वालों में वर्ष 1949 में जन्मी श्रीमती शांति देवी सबसे वृद्ध नागरिक है। उन्होंने इस ऐतिहासिक दिन पर भावुक होकर कहा, ह्ययह मेरे जीवन का सबसे बड़ा दिन है। इतने वर्षों के संघर्ष के बाद मुझे यह पहचान मिली है।ह्व कार्यक्रम में नागरिकता पाने वाले सभी लोग खुशी के मारे झूम उठे और कहा कि सरकार के प्रति धन्यवाद जताने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। भारतीय नागरिक होने पर अब उनके जीवन की हर राह आसान हो गई है और सभी समस्याओं का अंत हो गया है।

## मारपीट में घायल युवक की मौत, परिवार में कोहराम

मोरना, 18 जनवरी (बु.)। छह दिन पहले मोरना स्थित नॉनवेज होटल में पड़ोस के बच्चों द्वारा फर्श गंदा करने पर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए युवक मौ. हुसैन की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम मोरना में बीते रविवार को जानसठ मार्ग स्थित नॉनवेज होटल के फर्श को गंदा करने के विवाद पर मारपीट हो गई थी। इस झगड़े में मौ. हुसैन, बहरोज और हारून गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था, जबकि सिर में धारदार हथियार से गंभीर रूप से घायल हुसैन को मेरठ रेफर किया गया था। हारून की तहरीर के आधार पर पुलिस ने होटल संचालक गुलजार, मोनू अनस और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मौ. हुसैन की हालत गंभीर बनी हुई थी, और शुक्रवार को मेरठ अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस घटना से उसके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक अपने पीछे माता खातून, पत्नी शाहना और तीन पुत्रों हारान (17 वर्ष), आहद (13 वर्ष) और अफ़्फान (10 वर्ष) को छोड़ गया है।

## फरार आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद पकड़ा, पिस्टल और कारतूस बरामद

छपार, 18 जनवरी (बु.)। पुलिस मुठभेड़ में फरार आरोपी को पुलिस ने तीन वर्ष बाद चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। शुक्रवार को दोपहर के समय रामपुर चौकी पुलिस करनाल हाइवे पर चेकिंग कर रही थी।

एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका तो वह भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। थाने लाकर पूछताछ में उसने अपना नाम ककरौली थाने के गांव फिरोजाबाद निवासी नईम बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है ओर उस पर विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। 2022 में वह पुलिस मुठभेड़ में फरार हो गया था।

## लॉटरी में जीता 80 करोड़ रुपये का जैकपॉट ! फिर अगले दिन नाली साफ करता दिखा शख्स



लंदन, 18 जनवरी (एजेंसी)। 20 साल के एक युवक को 80 करोड़ रुपये की लॉटरी लग गई( लॉटरी में उसने 12 हजार रुपये लगाए थे। ये पैसा भी उसे लॉटरी के जैकपॉट से जीता था। अब उसे इतनी बड़ी रकम हाथ लगी है। इसके बावजूद वह नाली साफ करने का काम कर रहा है। इसके पीछे भी एक अजीब वजह है। ब्रिटेन के कार्लिस्ले में रहने वाले 20 वर्षीय जेम्स क्लार्कसन ने 7.5 मिलियन पाउंड (करीब 80 करोड़ रुपये) का लॉटरी जैकपॉट जीतकर सबको चौंका दिया। दिलचस्प बात यह है कि जेम्स ने क्रिसमस के दौरान नेशनल लॉटरी में 120 पाउंड (12,676 रुपये) जीते थे और उसी राशि को फिर से लॉटरी टिकट खरीदने में लगाया। इतनी बड़ी रकम जीतने के बावजूद, जेम्स ने अपने काम के प्रति समर्पण दिखाया। अगले ही दिन वह वापस अपनी नौकरी पर लौट गए और ठंड में नालियां साफ करते नजर आए। जेम्स ने बताया कि मैं अपनी गर्लफ्रेंड के घर पर था और सुबह जल्दी उठा। जैसे ही मैंने नेशनल लॉटरी ऐप चेक किया, मुझे एक मैसेज मिला कि मुझे लॉटरी में जैकपॉट मिला है। युवक ने बताया कि पहले तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। लगा शायद सपना देख रहा हूं, क्योंकि सुबह के 7:30 बजे थे और सब सो रहे थे। जेम्स ने आगे कहा कि मैंने अपने पिता को फोन किया, क्योंकि मुझे पता था कि वह जाग रहे होंगे। उन्होंने मुझे घर बुलाया और हम सभी ने मिलकर टिकट की जांच की। जैसे ही नेशनल लॉटरी के अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह विजेता टिकट है, मैं हंसने लग, यह सब एक सपने जैसा लग रहा था। जेम्स ने बताया कि इस खुशखबरी के बाद उन्होंने अपने परिवार और गर्लफ्रेंड से मुलाकात की। सभी ने साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि हम सभी दादा-दादी के घर इकट्ठा हुए और रोस्ट मीट डिनर और शैम्पेन के साथ इस खास दिन का जश्न मनाया। इतनी बड़ी रकम जीतने के बावजूद जेम्स ने कहा कि वह अभी काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अभी बहुत छोटा हूं, पैसा आने का मतलब यह नहीं है कि मैं काम छोड़ दूं। जीतने के अगले ही दिन मैं ठंड में खड़ा होकर नालियां साफ कर रहा था। यह मेरी हकीकत है, और मैं इसे बदलना नहीं चाहता।

आवश्यकता है

सेवा समिति चैरिटेबल संस्था सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर हेतु एक रिटायर्ड अध्यापक की। जो संस्था द्वारा संचालित स्कूल एवं अन्य सामाजिक कार्यों की देखरेख कर सके।

अध्यक्ष/प्रबंधक
सेवा समिति, मुजफ्फरनगर
मो० न. 8433234248,9358916016

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता

कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।

साक्षात्कार का समय:- प्रात:10 बजे से सायं 5 बजे तक

दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय बेहड़ा अस्सा के प्रांगण में खड़े यूकेलिप्टस के 3 पेड़ों की नीलामी दिनांक 24.01.2025 को प्रात:10 बजे, विद्यालय प्रांगण में की जानी है। अत: इच्छुक व्यक्ति नीलामी में आमंत्रित है।

राजेश कुमार इ0प्र0अ0
कम्पोजिट विद्यालय बेहड़ा अस्सा
जानसठ, मुजफ्फरनगर

## सड़क हादसे में एक्टर अमन जायसवाल की मौत



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसी)। टीवी शो धरतीपुत्र नंदिनी में मुख्य भूमिका निभाने वाले टीवी एक्टर अमन जायसवाल की मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में शुक्रवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अमन की उम्र महज 23 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह अपनी बाइक से एक ऑडिशन देने के लिए जा रहे थे, तभी एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाला साहेब ठाकरे ट्रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

## बीजेपी के संकल्प पत्र पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित का निशाना, बोले- 'ये सब यहां-वहां की नकल है'

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने घोषणापत्र का पहला भाग जारी किया है, जिसमें महिलाओं के लिए विशेष घोषणाएं की गई हैं। वहीं अब कांग्रेस ने बीजेपी के इस संकल्प पत्र पर जोरदार हमला बोला है। नई दिल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने बीजेपी के घोषणा पत्र को यहां-वहां की नकल बताया है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए बीजेपी के संकल्प पत्र पर निशाना साधते हुए कहा, "ये सब यहां-वहां की नकल है। कर्नाटक और उससे पहले तेलंगाना में चल रही इंदिरा रसोई कांग्रेस की बहुत लोकप्रिय योजना रही है। उन्होंने उसकी नकल की है। नई दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को उठाकर फेंक दिया गया, उनका ख्याल कौन रखेगा?" उन्होंने कहा, "इन योजनाओं से बहुत लोगों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। क्यों कि चाहे महिला सम्मान हो या कुछ और हर पार्टी कुछ न कुछ दे रही है। सब्सिडी वाले सिलेंडर देने की ये योजना कांग्रेस की योजना है। हमें बीजेपी से पूछना चाहिए कि पीएम मोदी इसे पूरे भारत में क्यों नहीं देते। जब चुनाव आता है तब इसकी घोषणा क्यों करते हैं?" संदीप दीक्षित ने कहा, "अब ज्यादातर स्कीमें बराबर हो जाएंगी, तो लोग देखेंगे कि इसके अलावा कौन सी पार्टी क्या दे रही है और उसमें उनको दिखेगा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो इस तरह की राहत देने के अलावा काम करेगी। इनमें ये कोई नहीं बता रहा है कि अच्छी हवा, अच्छा पानी, शिक्षा और अस्पतालों वाली दिल्ली कौन देगा?"

## केजरीवाल का एक और बड़ा ऐलान, किराएदारों को मिलेगी फ्री बिजली-पानी

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसी)। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद, खासकर पूर्वांचल क्षेत्र से आने वाले कई किरायेदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में आती है, तो किरायेदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ दिया जाएगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दिल्ली के किरायेदारों की चिंताओं को उठाया।



उन्होंने कहा कि जहां भी मैं जाता हूं, मुझे किराए पर रहने वाले लोग मिलते हैं जो कहते हैं कि उन्हें अच्छे स्कूल और अस्पताल का फायदा मिलता है, लेकिन वे मुफ्त बिजली और पानी की योजनाओं से वंचित हैं। इस समस्या के समाधान का भरोसा देते हुए केजरीवाल ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव के बाद, खासकर पूर्वांचल क्षेत्र से आने वाले कई किरायेदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ मिले। यह घोषणा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान के दौरान की गई है। ये चुनाव 5 फरवरी को होंगे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही आप ने अपने प्रचार अभियान को कल्याणकारी योजनाओं के इर्द-गिर्द रखा है। पार्टी ने मुफ्त सेवाओं और बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं को अपनी मुख्य ताकत बताया है।

## महिला डॉक्टर से रेप-हत्या मामले में संजय रॉय दोषी करार, 20 को सजा का ऐलान

कोलकाता, 18 जनवरी (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया गया है। सियालदह कोर्ट की विशेष अदालत ने दोषी करार किया। सियालदह कोर्ट की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने आरोपित सिविक वालिंटियर को दोषी करार दिया। 20 जनवरी को अदालत फैसला सुनाएगी। मामले में मुकदमा शुरू होने के 59 दिन बाद फैसला सुनाया जाएगा। 11 नवंबर को इस मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। हाई कोर्ट के निर्देश पर इस वारदात की जांच कर रही सीबीआई मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी थी। पिछले साल नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल के आपातकालीन विभाग की चौथी मंजिल के सेमिनार हाल से पीड़िता का शव बरामद किया गया घटना के अगले दिन मुख्य आरोपित सिविक वालंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में उसे सेमिनार हाल में प्रवेश करते देखा गया था। मौके से उसका हेडफोन भी मिला था। सीबीआई ने आरोपपत्र में कहा है कि संजय राय ही मुख्य आरोपित है। हालांकि, पीड़िता के माता-पिता ने अदालत से कहा है कि इस घटना एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच आधी-अधूरी है क्योंकि इस अपराध में शामिल अन्य लोग खुलेआम घूम रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्य आरोपित संजय राय की फांसी की सजा की मांग की है। उसने अदालत में यह भी कहा कि राय इस अपराध का एकमात्र गुनाहगार है। इस घटना के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया था और सैकड़ों लोगों ने लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किया जिसमें मुख्य रूप से डाक्टर और चिकित्साकर्मी शामिल थे।

## मिल्कीपुर उपचुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के नेता को पड़ा दिल का दौरा

अयोध्या, 18 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार के लिए गए भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के रिपोर्ट के मुताबिक अचानक रक्तचाप बढ़ने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। अस्पताल आने के बाद अब वह खतरे से बाहर हैं। बताते चलें कि राधेश्याम त्यागी बिल्कुल विधानसभा सीट से प्रबल दावेदारी भी थी। अभी तक कई महीनों से लगातार जनसंपर्क कर एक माहौल को तैयार करने में लगे हुए थे। लेकिन भाजपा की तरफ से उन्हें टिकट न दिए जाने के कारण काफी नाराजगी भी थी। बीती रात प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उनके घर पहुंचकर, परिवार से मुलाकात की, और राधेश्याम त्यागी से बात-चीत कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उतरने के लिए सफल वार्ता हुई थी। कुमारगंज के अस्पताल में भर्ती भाजपा जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी का हाल-चाल लेने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पवन कुमार उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अजय तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे है। वहीं डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत में सुधार हो रहा है। फिल्हाल उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने और मानसिक तनाव से बचने की सलाह दी है।

## महाकुंभ में बम की सूचना: आधी रात तक चला सर्च ऑपरेशन

प्रयागराज, 18 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ के सेक्टर-18 में बम की सूचना पर शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां घंटों परेशान रहीं। बम डिस्पोजल स्क्वाड ने महाकुंभ में जांच की, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। यह कॉल प्रॉक्सी सर्वर के जरिए की गई थी। पुलिस कॉलर को ट्रेस करने में देर रात तक लगी रही। घटना शुक्रवार दोपहर दो बजे करीब की है। सफाईकर्मी के पास कॉल आई थी कि सेक्टर-18 में बम है। थोड़ी ही देर में ब्लास्ट की धमकी दी। सफाईकर्मी ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद बम डिस्पोजल स्क्वाड को बुलाया गया। पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीमों ने सेक्टर-18 सहित महाकुंभ के एरिया में सर्च ऑपरेशन चलाया। दोपहर 2 बजे से आधी रात तक सर्च ऑपरेशन चला। हालांकि, कहीं कुछ नहीं मिला। महाकुंभ के सेक्टर-18 में बम की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां घंटों तक परेशान रही। जानकारी के मुताबिक, सफाईकर्मी के पास दोपहर करीब दो बजे कॉल आई थी, जिसमें सेक्टर-18 में बम होने की जानकारी दी गई थी। इसके कुछ समय बाद धमकी दी गई कि यहां विस्फोट हो सकता है। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद बम डिस्पोजल स्क्वाड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने जांच शुरू की। इस कॉल को एक प्रॉक्सी सर्वर के जरिए किया गया था, जिसे ट्रेस करने में पुलिस को देर रात तक समय लग गया। घटना के बाद पुलिस और बम डिस्पोजल स्क्वाड ने महाकुंभ क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीमों के साथ सेक्टर-18 के अलावा महाकुंभ के आसपास के इलाकों में जांच की। हालांकि, सर्च ऑपरेशन के बाद भी कहीं से कोई बम या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

# सर्द हवाओं ने दिनभर बढ़ाई मुश्किलें, बाजारों में रहा सन्नाटा

**▸ अधिकतम पारा 16 डिग्री व न्यूनतम पारा पहुंचा 9 डिग्री ▸ कपड़ों में लिपटे नजर आए लोग, वाहनों की थमी रफ्तार**







मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में सर्द हवाओं के बीच कोहरे का कोहराम अभी जारी है, जिससे हाईवे से सम्पर्क मार्गों तक वाहनों की गति को ब्रेक लगने के साथ लोगों में ठंड का प्रकोप बरकरार है। जनपद में भी बीते एक सप्ताह से रूक-रूक कर हुई बारिश के साथ ही सर्द हवाओं व शीत लहर का प्रकोप अभी कम होने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे पूरे जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त सा बना हुआ है। इन्हीं हालातों के बीच शनिवार सुबह से दोपहर तक भी समूचा शहर और नेशनल हाईवे कोहरे की घनी चादर में लिपटा मिला। ऐसे में सड़कों पर बिना हेड लाइट वाहन चलाना मुश्किल हो गया। वहीं पूरे दिन तमाम घरों व प्रतिष्ठानों पर लोगों ने अंगीठी और हीटर जलाकर कड़ाके की ठंड से इस बीच में अपना बचाव करने के सभी प्रयास जारी रखें।

पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ मैदानी इलाकों समेत दिल्ली-एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में अभी हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का प्रकोप जारी है, जिससे जनपद मुजफ्फरनगर भी अछूता नहीं है। कई दिनों से जारी सर्दी के प्रकोप के बीच शनिवार को नगरीय क्षेत्र के साथ समूचे उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप अपने यौवन पर दिखाई दिया। सर्द हवाओं के साथ ऐसे में नगर मुख्यालय के साथ जनपद में दिल्ली-देहरादून हाईवे से अन्य संपर्क मार्गों तक हर ओर सिर्फ और सिर्फ घना कोहरा देखने को मिला। इस कारण दृश्यता काफी कम हो गई। घने कोहरे का असर ट्रैफिक पर देखने को मिला और तमाम दुपहिया और चौपहिया वाहन सड़कों पर रेंगते हुए दिखें। कहना गलत न होगा कि जिले में शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी है। इस बीच घने कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर देखने को मिला। रोडवेज बसों में भी सफर करना भी मुश्किल सा हो गया। शीतलहर के चलते जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त सा रहा, वहीं इसका प्रभाव सीधे लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है। आने वाले दिनों में भी सर्दी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। इस सप्ताह ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। धूप न निकलने से लोगों की कंपकंपी बंद नहीं हो रही है। कहना गलत न होगा कि जनवरी की शुरूआत से ही सर्दी वेस्ट यूपी में सितम ढहा रही है। ऐसे में लोगों को घरों से ठंड नहीं निकलने दे रही। अधिकांश समय हीटर व अलाव के सहारे समय व्यतीत करने को विवश हैं और बहुत जरूरी कामों से ही घरों से निकल रहे हैं। इसका असर सभी बाजारों पर पड़ रहा है। हर समय ग्राहकों से गुलजार रहने वाले अधिकांश बाजारों में सन्नाटा सा पसरा रहता है। मौसम विभाग की ओर से जारी तापमान शनिवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अभी आने वाले दिनों में सर्दी से निजात मिलने के आसार नहीं हैं। कोहरा और बादल छाए रहेंगे।

## केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली में चुनावी हलचल के बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (AAP) चीफ अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर चुनाव प्रचार के दौरान ईंट-पत्थर से हमला किया गया है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हमले का वीडियो शेयर करते हुए नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी ने अपने ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल से हमले की एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'हार के डर से बौखलाई इखढ, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला! BJP प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल जी पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराने हमले से केजरीवाल जी डरने वाले नहीं है, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।' आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, 'बीजेपी के गुंडों ने आज फिर नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार कर रहे अरविंद केजरीवाल पर पत्थरों से हमला किया है। आज तक नई दिल्ली विधानसभा में इस तरह की हरकत कभी नहीं हुई थी। प्रवेश वर्मा जब वहां प्रचार कर रहे थे तो वे ये देख कर बौखला गए कि कैसे इतना पैसा बांटने के बाद, सारे काले काम करने के बाद भी जनता पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल के साथ है और इस बौखलाहट में बीजेपी और प्रवेश वर्मा ने अपने गुंडों से अरविंद केजरीवाल पर हमला करवाया है। किसी भी तरीके से वे (बीजेपी) नई दिल्ली विधानसभा में शांतिपूर्ण चुनाव नहीं होने देना चाहते।

# परिवहन विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को अंतिम मौका

**▸ जिले में आरसी जारी होने वाले बकाएदारों को भी मिलेगी छूट**

मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। प्रदेश में वाहन स्वामियों के लिए योगी सरकार की ओर से शुरू एकमुश्त समाधान योजना अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। परिवहन विभाग की ओर से शुरू इस योजना में वाहन स्वामियों को बड़ा लाभ मिलेगा, जिसमें बकायेदार वर्षों से बकाया अपना टैक्स 100 फीसद जुर्माने की छूट के साथ ही जमा कर सकेंगे। वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ओटीएस लागू करने के साथ ही राहत देने में जुटा है।

जनपद मुजफ्फरनगर में इस कड़ी में परिवहन विभाग की ओर से तमाम वाहन स्वामियों के हित में एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। परिवहन विभाग की तरफ से वाहन स्वामियों को टैक्स की पेनाल्टी में छूट दिए जाने के साथ ही उन्हें अपना टैक्स जमा करने में आसानी होगी। जुलाई, 2022 में परिवहन विभाग ने पहली बार एकमुश्त समाधान योजना लागू की थी, जिसमें 1000 रुपए जमा करके ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए वाहन स्वामियों का पंजीकरण हुआ था। इस योजना के तहत अप्रैल 2020 या उससे पूर्व जो भी वाहन एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत थे और उन पर अगर टैक्स बकाया था तो सभी वाहनों को जुर्माने में 100 फीसदी छूट दी गई थी। इसके अलावा 21 दिन के अंदर बकाया टैक्स की पहली किस्त का 50 फीसद, दूसरी किस्त 28 दिन के अंदर 25 फीसद व तीसरी किश्त 35 दिन के अंदर 25 फीसद जमा करने का प्रावधान किया था। वाहन स्वामी 30 दिन में एकमुश्त भी पूरी धनराशि जमा कर सकते थे। इसका भी विकल्प दिया गया था। हालांकि समय के अंदर टैक्स जमा न करने पर 50 रुपए प्रति दिन की दर से जुर्माने का प्रावधान था। विभागीय अधिकारियों की माने तो प्रदेश में तमाम ऐसे टैक्स बकायेदार, जिन्हें विभाग की और से बार-बार टैक्स चुकाने के लिए नोटिस भेजा गया, लेकिन उन्होंने टैक्स जमा नहीं किया। एकमुश्त समाधान योजना में ऐसे टैक्स बकायेदारों के लिए अपना टैक्स 100% जुर्माने की छूट के साथ ही जमा करने का विकल्प है। ऐसे तमाम बकायदार अपना टैक्स चुकाएंगे तो शत-प्रतिशत पेनाल्टी में छूट पाएंगे, जिससे उन्हें काफी लाभ होगा।



इन्होंने कहा- "एआरटीओ प्रशासन अजय मिश्रा ने बताया कि शासन स्तर से वाहन स्वामियों को बकाए में शत प्रतिशत छूट देने के लिए शुरू एकमुश्त समाधान योजना के मात्र कुछ दिन शेष रह गए, ऐसे में परेशानी से बचने के लिए वाहन स्वामी परिवहन विभाग की उक्त योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स की पेनाल्टी में छूट का लाभ पाने के लिए देरी घातक साबित हो सकती है, ऐसे में समय रहते परिवहन विभाग कार्यालय में पहुंच अपने वाहनों के बकाया को जमा कर योजना का लाभ उठाएं।"

# प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्डों का किया वितरण

**▸ 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांव के विकास का खुलेगा रास्ता, आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी**



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांव शामिल हुए। पीएम मोदी ने बताया कि बीते पांच सालों में करीब डेढ़ करोड़ लोगों को संपत्ति कार्ड सौंपें जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन ग्रामीण भारत और वहां की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। स्वामित्व योजना जो अप्रैल 2020 में शुरू हुई थी का मुख्य उद्देश्य गांवों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्तियों का कानूनी अधिकार देना है। पीएम मोदी ने बताया कि संपत्ति कार्ड के जरिए लोगों को उनकी जमीन और घर का कानूनी प्रमाण मिलता है। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलता है बल्कि प्रॉपर्टी के अधिकार मिलने से गरीबी कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया भर में संपत्ति अधिकार की कमी एक बड़ी समस्या है, और इसे हल करना आर्थिक विकास के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी और स्वास्थ्य संकट जैसी वैश्विक चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी राइट्स (संपत्ति के अधिकार) इन समस्याओं को हल करने और गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं। स्वामित्व योजना के तहत गांवों की जमीनों का आधुनिक तकनीक से सर्वेक्षण और मैपिंग की जाती है, जिससे लोगों को उनकी संपत्तियों का कानूनी प्रमाण मिलता है। इस योजना के जरिए ग्रामीण भारत में पारदर्शिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# पैरा एथलीट 'प्रीति पाल' अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित, ग्रामीणों में खुशी का माहौल





रामराज, 18 जनवरी (बु.)। गांव हाशमपुर निवासी पैरा एथलीट प्रीति पाल ने पेरिस पैरालंपिक में भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति ने प्रीति पाल को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया है, जिससे परिवार के साथ साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी एक सामान्य परिवार में जन्मी प्रीति पाल ने पेरिस में हुए पैरालंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतकर देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में मुजफ्फरनगर का नाम रोशन करते हुए पैरालम्पिक गेम्स में इतिहास रच दिया तथा इसी के साथ प्रीति पाल एक ही पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई। प्रीति पाल के पदक जीतने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी तथा उत्तर प्रदेश सरकार में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने प्रीतिपाल के माता-पिता से मोदीनगर के निकट बने एक स्टेडियम का उद्घाटन भी कराया था तथा बाद में जयंत चौधरी ने प्रीति पाल के गांव हाशमपुर स्थित घर पर पहुंचकर प्रीति पाल को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) का एम्बेसडर बनाते हुए संबंधित-पत्र भी प्रीति पाल को सौंपा था तथा कुछ दिन पूर्व प्रीतिपाल को खेल मंत्रालय की ओर से 17 जनवरी को अर्जुन अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा की गई, तो परिजनों के साथ-साथ ग्रामीणों भी गद्गद् हो गए तथा एक-दूसरे को बधाई दी, जिसके बाद शुक्रवार को प्रीतिपाल व उसके परिजनों की इंतजार की घड़ी समाप्त हुई तथा भारत सरकार की ओर से प्रीतिपाल को दिल्ली बुलाकर खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देवी ने अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया, जिससे परिवार के साथ साथ गांव व पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। परिजन एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे हैं। प्रीतिपाल के घर पर भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रीतिपाल के भाई अनिकेत ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को राष्ट्रपति भवन से प्रीतिपाल के पास निमंत्रण-पत्र आया हुआ है, जिसमें वह शिरकत कर अन्य खिलाड़ियों के साथ-साथ भोजन करेंगी। इस दौरान अनिकेत, वंश, अनिल कुमार, शुभम तवंर, सुनील कुमार, अशोक कुमार, नेहापाल, धर्मेन्द्र कुमार, आनन्द, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**शेष - जिला अस्पताल पर**

स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार, मरीजों के बेड पर हर दिन अलग रंग की चादर बिछाई जानी चाहिए और उसके लिए एक रोस्टर भी निर्धारित है, जिसमें सोमवार को सफेद रंग की चादर, मंगलवार को गुलाबी रंग की चादर, बुधवार को हरी रंग की चादर, गुरुवार को पीली रंग की चादर, शुक्रवार को क्रीम रंग की चादर, शनिवार को नीली रंग की चादर, रविवार को पीच रंग की चादर होनी चाहिए, लेकिन अस्पताल कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ये व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होती नजर आ रही है। गत दिनों लखनऊ मुख्यालय से सख्त निर्देश दिए थे कि मरीजों के बिस्तरों पर निर्धारित रंग की चादरें ही बिछाई जाएं। बावजूद इसके शुक्रवार को अस्पताल के विभिन्न वार्डों में क्रीम रंग के साथ-साथ सफेद और गुलाबी रंग की चादरें बिछी हुई पाई गईं। बेड शीट बदलने में हो रही अनियमितता न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे अस्पताल की साफ-सफाई और मरीजों की सुविधा पर भी असर पड़ सकता है। नगर के जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही ने साफ कर दिया है कि प्रशासनिक निर्देशों का पालन करना कर्मचारियों के लिए प्राथमिकता नहीं है। अब देखना यह होगा कि जिला अस्पताल की इस प्रकार की लापरवाहियों पर लखनऊ से किस प्रकार लगाम लगाई जाती है।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें...

# शनिवार का जानिए कैसा रहा ट्रेनों का हाल...




मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। शनिवार को ट्रेनों की स्थिति में सहारनपुर से दिल्ली वाया मुजफ्फरनगर, मेरठ को जाने वाली ट्रेनों में पहले के मुकाबले बहुत सुधार देखने को मिला तो वहीं दिल्ली से सहारनपुर वाया मुजफ्फरनगर, मेरठ जाने वाली ट्रेनों का इक्का दुक्का ट्रेनों को छोड़कर हाल बेहाल दिखा, कोई एक घंटा तो कोई चार से पांच घंटे तक यात्रियों को इंतजार करवाती दिखाई दी।

**प्रभावित ट्रेनों की सूची -**

| | |
|---|---|
| ▸ 14681 जालंधर एक्सप्रेस समय पर चली | |
| ▸ 18477 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस | 04 घंटे 53 मिनट लेट |
| ▸ 19325 इंदौर अमृतसर एक्सप्रेस | 2 घंटा 10 मिनट लेट |
| ▸ 19031 योग एक्सप्रेस | समय से चली |
| ▸ 64559 दिल्ली सहारनपुर मेमू | 1 घंटे 40 मिनट लेट |
| ▸ 14303 दिल्ली हरिद्वार एक्सप्रेस | 14 मिनट लेट |
| ▸ 22659 योग नगरी ऋषिकेश सुपर फास्ट | समय पर |
| ▸ 19019 हरिद्वार निजामुद्दीन | 37 मिनट लेट |
| ▸ 12055 देहरादून जनशताब्दी | 39 मिनट लेट |
| ▸ 14021 अंबाला इंटरसिटी एक्सप्रेस | 1 घंटा 59 मिनट लेट |
| ▸ 12017 देहरादून शताब्दी एक्सप्रेस | 1 घंटा 38 मिनट लेट |
| ▸ 12903 गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस | 3 घंटा 10 मिनट लेट |
| ▸ 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | 1 घंटा 25 मिनट लेट |
| ▸ 12401 नंदा देवी सुपर फास्ट एक्सप्रेस | समय पर चल रही है। |
| ▸ 22457 वंदे भारत | 24 मिनट लेट |
| ▸ 14089 कोटद्वार एक्सप्रेस | समय पर |
| ▸ 14241 नौचंदी एक्सप्रेस | 8 घंटे 20 मिनट लेट |
| ▸ 54474 सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर | समय से |
| ▸ 12056 जन शताब्दी | समय से |
| ▸ 19556 उत्तरांचल एक्सप्रेस | समय से |
| ▸ 14682 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस | समय से |
| ▸ 12018 नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस | समय से |
| ▸ 64560 सहारनपुर दिल्ली | 1 घंटा लेट |
| ▸ 14304 हरिद्वार दिल्ली | समय से |
| ▸ 14332 कालका देहरादून एक्सप्रेस | 22 मिनट लेट |
| ▸ 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | 28 मिनट लेट |
| ▸ 19020 बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस | समय से |
| ▸ 14090 आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | समय से |
| ▸ 22458 आनंद विहार वंदेभारत | 58 मिनट लेट |
| ▸ 20411 सहारनपुर मेमू | 34 मिनट लेट |
| ▸ 14521 अम्बाला इंटरसिटी एक्सप्रेस | 3 घंटे 33 मिनट लेट |
| ▸ 14681 जालंधर सिटी इंटरसिटी | 52 मिनट लेट |
| ▸ 04661 कुंभ स्पेशल अमृतसर से प्रयागराज | 4 घंटा 20 मिनट लेट |

**ये ट्रेन रही कैंसिल**

▸ 14661 शालीमार एक्सप्रेस ▸ 64557 एमयू सहारनपुर दिल्ली

# नोटों से भरा थैला लेकर भागे दो शातिरों को पकड़ा

## सिविल लाइन पुलिस ने बझेड़ी फाटक से दबोचे शातिर टप्पेबाज, एक बदमाश हुआ फरार



मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। बैंक से पैसे निकालकर बाइक पर थैला टांगने के बाद घर लौट रहे एक व्यक्ति के साथ चालबाजी करते हुए नोटों से भरा थैला लेकर रफू-चक्कर हुए बदमाशों को पुलिस ने देर रात दबोच लिया। इनके कब्जे से अवैध असलाह और नगदी के साथ ही बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। इनका एक साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रुड़की रोड पर बाइक सवार शातिरों वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार 13 जनवरी को मौहम्मद साकिब पुत्र नसीम अहमद निवासी ग्राम बझेड़ी थाना नई मण्डी बैंक पहुंचा था, वहां वो अपने खाते से पैसे निकालकर उन्हें थैले में रखकर मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। जब वह गाजावाली पुलिया के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर सवार होकर आये तीन युवकों ने उसको इशारा करते हुए रूकवाया और जानकारी दी कि उसकी जैकेट पर पीछे कुछ गंदगी लगी हुई है। युवकों के टोकने पर साकिब ने अपनी बाइक को रास्ते में ही रोका और अपनी जैकेट पर लगी गंदगी को साफ करने लगा। आरोप है कि इसी बीच बाइक सवार तीनों युवकों ने साकिब की बाइक के हैंडल पर टंगा नोटों से भरा थैला लेकर फरार हो गये थे। इस मामले में साकिब ने थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। इन शातिरों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार काम कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाईन आशुतोष सिंह ने बताया कि बीती रात थाना पुलिस द्वारा टप्पेबाजी की इस घटना का अनावरण करते हुए 02 शातिर टप्पेबाज बदमाशों विपिन पाल पुत्र सुरेशपाल निवासी ग्राम सफीपुर पट्टी कस्बा बुढ़ाना और विशाल पुत्र बबलू पाल निवासी खुब्बापुर थाना मन्सूरपुर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि इनका साथी दीपक पुत्र रजनीश पाल निवासी बुढ़ाना फरार हो गया, उसकी तलाश की जा रही है। इन बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने 95000 रुपए नगद, अवैध शस्त्र तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद की है। इनके खिलाऊ मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस तथा 3/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि भी कर दी गई है।

## जड़वड़ में हुई चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। करीब चार दिन पूर्व ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जड़वड़ में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी चोर को उसके ही मकान से गिरफ्तार करते हुए चुराये गये सोने और चांदी के जेवरात सहित 70 हजार रुपये की नगदी भी बरामद की है। ककरौली थाना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह भाटी ने बताया कि 14 जनवरी को गांव जड़वड़ निवासी बलराम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि अज्ञात चोर द्वारा उसके मकान में घुसकर लाखों रुपये कीमत के सोने और चांदी के जेवरात के साथ ही नगदी चुरा ली गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी थी। बताया कि शनिवार को चैकिंग के दौरान थाना पुलिस ने गांव जड़वड़ निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र ओमपाल को चोरी किए गए आभूषण व नगदी सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक के कब्जे से पीली धातु का गले का हार, दो कान की झुमकी, एक मंगलसूत्र, एक कान की बाली, दो अंगूठी, एक टीकड़ा तथा सफेद धातु की एक तगड़ी, एक जोड़ी पाजेब, एक सिक्का, दो हथफूल, तीन अंगूठी, छः जोड़ी चुकटी, एक नजरबंद, तीन एचएमटी घड़ी व 70 हजार रुपए की नगदी बरामद की है।

## रिश्वतखोर चौकी इंचार्ज रविन्द्र यादव को भेजा जेल

मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। शाहपुर में एक पुराने मुकदमे में वारंट होने के नाम पर महिला और उसके दिव्यांग बेटे के साथ ही पति को जेल भेजने की धमकी देते हुए रिश्वत मांगने के मामले में रंगे हाथ एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गये शाहपुर कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई रविन्द्र यादव को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें कि सहारनपुर एंटी करप्शन टीम के प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शाहपुर कस्बे के मोहल्ला नूरबाफान निवासी मुशर्रत उर्फ भूरी पत्नी इस्लाम ने शिकायत की थी कि शाहपुर कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई रविन्द्र सिंह यादव उसके पति और बेटे की जमानत भरवाने के नाम पर 15 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। महिला भूरी की शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाकर चौकी इंचार्ज को 15 हजार रुपये की रिश्वत के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन की ओर से चौकी इंचार्ज के खिलाफ खालापार थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। शनिवार को एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी चौकी प्रभारी एसआई रविन्द्र सिंह यादव को मेरठ स्थित भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी रिश्वतखोर दरोगा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# देवबंद में खूनी संघर्ष; दो पक्षों में फायरिंग, तीन घायल

सहारनपुर, 18 जनवरी (एजेंसी)। फतवों की नगरी देवबंद में शनिवार की दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मुजफ्फरनगर रोड पर तल्हेड़ी चुंगी पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इलाके में विवादित जमीन को लेकर दोनों पक्षों में न सिर्फ जमकर मारपीट हो गई, बल्कि कई राउंड फायरिंग भी हुई है। फायरिंग में तीन लोग घायल हो गए हैं। इतना ही नहीं वहां खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के मुताबिक, शनिवार दोपहर कस्बा देवबंद में तल्हेड़ी चुंगी के पास कुछ दुकानों की जमीन पर मिरगपुर गांव के कुछ लोग कब्जा करने आए थे। सूचना मिलने पर दूसरे पक्ष ने पहुंचकर इसका विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों की ओर से जमकर फायरिंग की गई। गोली लगने से तीन लोग घायल हो गए। एक पक्ष गांव मिरगपुर का है, जबकि दूसरा पक्ष वाल्मीकि बस्ती का रहने वाला है। इस दौरान कई कारों में तोड़फोड़ की गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और एसपी ग्रामीण सागर जैन फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों के बीच विवाद के चलते हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। एसपी ग्रामीण सागर जैन का कहना है कि जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाए हैं। फिलहाल स्थिति सामान्य है और मामले की जांच की जा रही है।

## सहारनपुर में गंगा सतलज ट्रेन से युवती गायब

सहारनपुर, 18 जनवरी (एजेंसी)। सहारनपुर में गंगा सतलज ट्रेन से 21 वर्षीया युवती गायब हो गई, जिसके बाद उसके परिवार में चिंता बढ़ गई। परिजनों ने युवती के अपहरण की आशंका जताई है। परिजनों के अनुसार, युवती लखनऊ से चंडीगढ़ जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थी। ट्रेन के रुड़की और बलियाखेड़ी स्टेशन के बीच युवती ने अपने भाई को मैसेज किया, जिसमें लिखा था: "भाई मुझे बचा लो, मेरे एस-5 कोच में गुंडे आ गए हैं।" युवती अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पाई, और परिजनों ने जीआरपी सहारनपुर में तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गैंगस्टर केस में दो आरोपियों को चार-चार वर्ष का कारावास

## 27 साल पूर्व छह साल के बालक की अपहरण के बाद हुई थी हत्या, पुलिस ने आरोपियों पर लगाया था गैंगस्टर एक्ट

मुजफ्फरनगर, 18 जनवरी (बु.)। करीब 27 साल पहले एक छह वर्षीय बालक का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दिये जाने के मामले में आरोपियों पर पुलिस द्वारा लगाये गये गैंगस्टर एक्ट के केस में अदालत ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार-चार वर्ष का कठोर कारावास और दस दस हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह पुंडीर और राजेश शर्मा ने बताया कि ग्राम भोकरहेड़ी निवासी कर्मवीर पुत्र मुवासी ने थाना भोपा पर 28 मार्च 1998 को रिपोर्ट लिखाई थी कि 20 मार्च 1998 को उसका लड़का जॉनी जो उसे समय करीब 6 वर्ष का था, अचानक गायब हो गया था। परिजनों के द्वारा बहुत ढूंढने पर भी जॉनी नहीं मिला। उसकी तलाश के लिए परिजन परेशान थे कि इसके अगले दिन 21 मार्च को उसके घर के बगड़ में एक चिट्ठी पड़ी मिली थी, जिसमें बदमाशों ने जॉनी का अपहरण करने की सूचना देते हुए उसको छोड़ने के बदले में 30000 रुपये की रंगदारी दिए जाने की मांग की थी। बदमाशों ने चिट्ठी में यह भी लिखा था कि पुलिस को इस बारे में बताने पर वो जॉनी की हत्या कर देंगे। जॉनी की जान बचाने के लिए परिजन बदमाशों को रकम देने के लिए तैयार हो गये थे और जॉनी का पिता बिना पुलिस को बताये ही रकम लेकर बदमाशों के बताये हुए स्थान पर पहुंच गया था। जहां उसको मोहल्ले का विनोद मिला और उसने बदमाशों को दिए जाने वाले रुपये प्राप्त कर लिए थे। कर्मवीर ने पुलिस को बताया था कि पैसा लिए जाने के बाद विनोद ने धमकी दी थी कि खामोशी के साथ घर वापस लौट जा, सुबह तक जॉनी तेरे घर वापस आ जाएगा, लेकिन मेरा लड़का जॉनी घर वापस नहीं आया। इसके बाद ही कर्मवीर ने थाना भोपा पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। अपहरण के 10 दिन बाद पुलिस ने जॉनी के शव के रूप में कुछ हड्डी व उसके कपड़े बरामद किये थे। इस मामले में कर्मवीर ने आरोप लगाया था कि जॉनी का अपहरण कर उसके मोहल्ले के ही रहने वाले बदमाश मुकेश पुत्र भज्जड़, विनोद पुत्र महेंद्र तथा सुभाष पुत्र मलखान ने मिलकर हत्या कर दी थी। बताया गया कि वर्तमान में अभियोग मुकेश व विनोद के खिलाफ ही चल रहा था। पुलिस के अनुसार मुकेश पुत्र भज्जड़ का एक संगठित गिरोह था, जिसका मुखिया स्वयं मुकेश था। यह लोग क्षेत्र में अवैध हथियारों से सुसज्जित होकर हत्या अपहरण जैसे गंभीर अपराध कार्य करते थे। इसी कारण इनके खिलाफ भोपा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही की थी। शनिवार को गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश काशिफ शेख ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में मुकेश और विनोद को चार-चार वर्ष के कठोर कारावास तथा दस-दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# ये कोई पीएम-सीएम का निजी काम नहीं है, क्यों भड़के योगी के मंत्री कपिल देव



मुरादाबाद, 18 जनवरी (बु.)। योगी सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल शनिवार को मुरादाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने पीएम स्वामित्व योजना कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। मंत्री ने उन्हें गैर-जिम्मेदार बताया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अखिलेश यादव सिवाय फजीवाड़ा करने, गैर जिम्मेदाराना भाषण देने, गैर जिम्मेदाराना ट्वीट करने के अलावा और कुछ नहीं कर रहे हैं। वो केवल ट्विटर के नेता बनकर रह गए हैं, जहां तक महाकुंभ की बात है, तो ये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का कोई निजी काम नहीं है, ये देश की विरासत और संस्क्रति है, जिसको पोषित करने और बढ़ाने का काम किया जा रहा है। अखिलेश यादव इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, ये गैर-जिम्मेदार हैं, वो केवल प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, बल्कि वो देश के करोड़ों साधुओं पर, शंकराचार्यों पर और भक्तों पर टिप्पणी कर रहे हैं। उनकी भावनाओं को आहत कर रहे हैं। वहीं अखिलेश यादव के हरिद्वार में गंगा स्नान करने को लेकर राज्यमंत्री ने कहा कि वो शायद गंगा को वहां रोकना चाहते हैं, ताकि गंगा प्रयागराज ना आ सके। शायद इसलिए वे हरिद्वार गए होंगे, वरना पूरा देश गंगा नहाने के लिए महाकुंभ आ रहा है, लेकिन वो हरिद्वार जा रहे हैं, तो वे ऐसे ही षड्यंत्र करते रहते हैं। उनकी बातों में अब कोई आने वाला नहीं है। जनता उनको पहचान चुकी है। वे खराब और अपमानित करने वाली टिप्पणी करते हैं। साधु-संतों और आचार्यों को अपमानित करने का काम करते हैं।

## सैफ केस में छत्तीसगढ़ से भी एक संदिग्ध से गिरफ्तार

मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसी)। सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद पुलिस एक्शन मोड में हैं। इस मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सैफ अली खान पर हमला करने के मामले में एक और संदिग्ध को छत्तीसगढ़ के दुर्ग से गिरफ्तार किया गया है। दुर्ग आरपीएफ पोस्ट ने सैफ के हमलावर को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध से दुर्ग आरपीएफ ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए सख्स का नाम आकाश कन्नोजया (31) बताया जा रहा है। आरपीएफ पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। आरपीएफ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस ने आरपीएफ पुलिस को एक तस्वीर भेजी थी, जिसके आधार पर आरपीएफ पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया गया है। संदिग्ध युवक मुंबई से बिलासपुर जा रहा था और जरनल बोगी में यात्रा कर रहा था।